**SET – 3**

**Series : GBM/1/C**

**कोड नं.**
**Code No.** **67/1/3**

**रोल नं.**
**Roll No.**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **16** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# लेखाशास्त्र
# ACCOUNTANCY

*निर्धारित समय :3 घंटे* | *अधिकतम अंक :80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *यह प्रश्न-पत्र* **दो** *खण्डों में विभक्त है –* **क** *और* **ख** *।*
*(ii)* *खण्ड* **क** *सभी के लिए* **अनिवार्य** *है ।*
*(iii)* *खण्ड* **ख** *के* **दो** *विकल्प हैं – विकल्प –* ***I*** *वित्तीय विवरणों का विश्लेषण तथा विकल्प –* ***II*** *अभिकलित्र लेखांकन ।*
*(iv)* *खण्ड* **ख** *से केवल* **एक** *ही विकल्प के प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*
*(v)* *किसी प्रश्न के सभी खण्डों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखे जाने चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* *This question paper contains* ***two*** *parts* ***A*** *and* ***B****.*
*(ii)* *Part* ***A*** *is* ***compulsory*** *for all.*
*(iii)* *Part* ***B*** *has* ***two*** *options : Option –* ***I*** *Analysis of Financial Statements and Option –* ***II*** *Computerized Accounting.*
*(iv)* *Attempt only* ***one*** *option of Part* ***B****.*
*(v)* *All parts of a question should be attempted at one place.*

## खण्ड – क

## PART – A

### (साझेदारी फर्मों तथा कम्पनियों के लिए लेखांकन)

### (Accounting for Partnership Firms and Companies)

1. न्यायालय के आदेश पर फर्म के विघटन की किसी एक स्थिति का उल्लेख कीजिए । **1**

   State any one occasion for the dissolution of the firm on court's orders.

2. लाभ अनुपात में परिवर्तन का परिणाम साझेदारी का विघटन अथवा साझेदारी फर्म का विघटन होता है । अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए । **1**

   Change in Profit Sharing Ratio amounts to dissolution of partnership or partnership firm ? Give reason in support of your answer.

3. अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के लाभ के भाग का शेष साझेदार किस अनुपात में अधिग्रहण करते हैं ? **1**

   In which ratio do the remaining partners acquire the share of profit of the retiring partner ?

4. 'कर्मचारी स्टॉक ऑप्शन प्लान' का क्या अर्थ है ? **1**

   What is meant by 'Employee Stock Option Plan' ?

5. अपने प्रवेश के समय एक नये साझेदार को ख्याति के लिए अंशदान क्यों करना चाहिए ? **1**

   Why should a new partner contribute towards goodwill on his admission ?

6. एक्स, वाई तथा ज़ैड साझेदार थे तथा 3:2:2 के अनुपात में लाभ बांटते थे । ज़ैड ने अवकाश ग्रहण किया तथा उसको देय राशि ₹ 85,000 थी । ₹ 5,000 का भुगतान उसको तुरन्त कर दिया गया । शेष का भुगतान तीन बराबर वार्षिक किश्तों में 6% वार्षिक ब्याज के साथ करना था । ज़ैड के अवकाश ग्रहण करने की तिथि पर उपरोक्त के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए । **1**

   X, Y and Z were partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 2. Z retired and the amount due to him was ₹ 85,000. He was paid ₹ 5,000 immediately. The balance was payable in three equal annual instalments carrying interest @ 6% p.a. Pass necessary journal entry for recording the same on the date of Z's retirement.

7. अनुज़, मनोज तथा दिशा एक फर्म के साझेदार थे तथा 2:2:1 के अनुपात में लाभ बाँटते थे । 1 अप्रैल, 2016 को साझेदारों की पूँजी क्रमश: ₹ 3,00,000; ₹ 2,00,000 तथा ₹ 1,00,000 थी । फर्म अपनी पुस्तकें प्रति वर्ष 31 मार्च को बन्द करती है । 1 जुलाई, 2016 को दिशा का देहान्त हो गया ।

(क) दिशा की मृत्यु पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 30,000 किया गया ।

(ख) उसकी मृत्यु की तिथि तक लाभ में दिशा के भाग की गणना ₹ 12,000 की गई ।

दिशा की मृत्यु पर फर्म की पुस्तकों में उपरोक्त के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

Anuj, Manoj and Disha were partners in a firm sharing profits and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. On $1^{st}$ April, 2016, the capitals of the partners were : ₹ 3,00,000; ₹ 2,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. The firm closes its books on $31^{st}$ March every year. Disha died on $1^{st}$ July, 2016.

(a) On Disha's death the goodwill of the firm was valued at ₹ 30,000.

(b) Disha's share of profit till the date of her death was calculated at ₹ 12,000.

Pass necessary journal entries in the books of the firm for the above on Disha's Death.

8. साक्षी, महक तथा मेघा की फर्म की कुल पूँजी ₹ 1,00,000 है तथा ब्याज की बाज़ार दर 15% है । पिछले तीन वर्षों का शुद्ध लाभ ₹ 30,000; ₹ 36,000 तथा ₹ 42,000 था । ख्याति का मूल्यांकन पिछले तीन वर्षों के अधिलाभ (सुपर प्रोफिट) के दो वर्षों के क्रय पर करना है । फर्म की ख्याति की गणना कीजिए । **3**

The total capital of the firm of Sakshi, Mehak and Megha is ₹ 1,00,000 and the market rate of interest is 15%. The net profits for the last 3 years were ₹ 30,000; ₹ 36,000 and ₹ 42,000. Goodwill is to be valued at 2 years purchase of the last 3 years' super profits. Calculate the goodwill of the firm.

9. कदूरा लिमिटेड ने बावी लिमिटेड की ₹ 2,70,000 की सम्पत्तियाँ तथा ₹ 30,000 की देयताओं का अधिग्रहण ₹ 3,00,000 के क्रय मूल्य पर किया । 20% राशि का भुगतान चैक द्वारा तथा शेष का भुगतान ₹ 100 प्रत्येक के समता अंशों को 60% के प्रीमियम पर निर्गमित करके किया गया ।

इन लेनदेनों के लिए कदूरा लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **3**

Kadura Ltd. took over the assets of ₹ 2,70,000 and liabilities of ₹ 30,000 of Bavi Ltd. for a consideration of ₹ 3,00,000. 20% was paid by a cheque and the balance by issue of fully paid equity shares of ₹ 100 each at a premium of 60%.

Show the necessary journal entries for these transactions in the books of Kadura Ltd.

10. टाईकोल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 66,000 समता अंशों को ₹ 20 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए जनता को प्रस्ताव दिया । प्रति अंश राशि का भुगतान निम्न प्रकार से देय था : आवेदन पर – ₹ 30; आबंटन पर – ₹ 50 (प्रीमियम सहित); तथा शेष-प्रथम तथा अन्तिम याचना पर । जनता ने 60,000 अंशों के लिए अभिदान किया । 3,000 अंशों के एक अंशधारक, जिसने प्रथम एवं अन्तिम याचना का भुगतान नहीं किया, को छोड़कर सभी देय राशि प्राप्त हो गई । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । टाईकोल लिमिटेड के स्थिति विवरण में 'अंश पूँजी' दर्शाइए । 'खातों के नोट्स' भी तैयार कीजिए । 3

Tycol Ltd. offered 66,000 equity shares of ₹ 100 each to the public at a premium of ₹ 20 per share. The amount per share was payable as ₹ 30 – on application; ₹ 50 (including premium) – on allotment; and the balance – on first and final call. 60,000 shares were subscribed by the public. All the money due was received, except a shareholder holding 3,000 shares who failed to pay the first and final call. His shares were forfeited. Show 'Share Capital' in the Balance Sheet of Tycol Ltd. Also, prepare 'Notes to Accounts'.

11. तवीशा तथा दिव्या एक फर्म के साझेदार थे जो हैदराबाद में टिफिन सेवाएँ चला रहे थे । दिव्या ने देखा कि दिन के अन्त में बहुत खाना शेष रह जाता है । खाने के अपशिष्ट को रोकने के लिए उसने सुझाव दिया कि इसका वितरण जरूरतमंदों में कर दिया जाये । तवीशा चाहती थी कि इसे अगले दिन वितरित किए जाने वाले खाने में मिला दिया जाना चाहिए ।

इसके पश्चात तवीशा ने यह प्रस्ताव किया कि यदि लाभ में उसका अंश बढ़ा दिया जाता है तो वह बचे हुए खाने के नि:शुल्क वितरण को मान जायेगी । दिव्या सहर्ष मान गई । अत: तुरन्त प्रभाव से उन्होंने अपने लाभ अनुपात को 3:2 में बदलने का निर्णय लिया । लाभ अनुपात में परिवर्तन की तिथि को फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 50,000 किया गया ।

(क) ख्याति का लेखा करने के लिए आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए ।

(ख) तवीशा तथा दिव्या के व्यवहार से प्रकाश में आये किन्हीं दो मूल्यों का उल्लेख कीजिए । 4

Tvisha and Divya were partners in a firm carrying on a tiffin service in Hyderabad. Divya noticed that a lot of food is left at the end of the day. To avoid wastage, she suggested that the same may be distributed among the needy. Tvisha wanted it to be mixed with the food to be served the next day.

Tvisha then gave a proposal that if her share in the profit is increased, she will not mind free distribution of left over food. Divya happily agreed. So, they decided to change their profit sharing ratio to 3 : 2 with immediate effect. On the date of change in the profit-sharing ratio, the goodwill of the firm was valued at ₹ 50,000.

(a) Pass the necessary adjustment entry for the treatment of goodwill.

(b) State any two values highlighted in the behavior of Tvisha and Divya.

12. प्रायुज़ लिमिटेड ने पूर्ण याचित ₹ 10 प्रत्येक के 2,000 अंशों जिन पर उन्हें ₹ 14,000 प्राप्त हुए थे, का हरण कर लिया । हरण किये गये अंशों में से 50 अंशों का ₹ 9 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमन कर दिया गया ।

अंशों के हरण तथा पुन: निर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । अंश हरण खाता भी तैयार कीजिए । **4**

Prayuj Ltd. forfeited 2,000 shares of ₹ 10 each, fully called up, on which they had received only ₹ 14,000. 50 of the forfeited shares were reissued for ₹ 9 per share fully paid up.

Pass necessary journal entries for forfeiture and re-issue of shares. Also prepare share forfeited account.

13. दीया तथा रीना एक फर्म के साझेदार हैं तथा 4:1 के अनुपात में लाभ बाँटते हैं । 31-3-2016 को फर्म का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **6**

| देयताएँ | | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| पूँजी : दीया | 2,40,000 | | विभिन्न सम्पत्तियाँ | 3,60,000 |
| रीना | 1,20,000 | 3,60,000 | | |
| | | **3,60,000** | | **3,60,000** |

31-3-2016 को समाप्त हुए वर्ष के लाभ ₹ 90,000 को साझेदारों में पूँजी पर 12% प्रति वर्ष ब्याज तथा दीया को ₹ 3,000 प्रति मास वेतन दिए बिना बाँट दिया गया । वर्ष के दौरान दीया ने ₹ 24,000 का तथा रीना ने ₹ 12,000 का आहरण किया ।

अपनी कार्यकारी टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए त्रुटि शोधन के लिए आवश्यक प्रविष्टि कीजिए ।

Diya and Rina are partners in a firm sharing profits in the ratio of 4 : 1. The following was the Balance Sheet of the firm as on 31-3-2016.

| Liabilities | | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|
| Capitals : Diya | 2,40,000 | | Sundry Assets | 3,60,000 |
| Rina | 1,20,000 | 3,60,000 | | |
| | | **3,60,000** | | **3,60,000** |

The profits ₹ 90,000 for the year ended 31-3-2016 were divided between the partners without allowing interest on capital @ 12% p.a. and salary to Diya @ ₹ 3,000 per month. During the year Diya withdrew ₹ 24,000 and Rina ₹ 12,000.

Showing your working notes clearly, pass necessary rectifying entry.

14. (क) निम्नलिखित 12% ऋणपत्रों के निर्गमन पर रोजनामचा प्रविष्टि कीजिए : **6**

पीनसेल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 2,70,000, 12% ऋणपत्रों का निर्गमन 5% के बट्टे पर किया । ऋणपत्रों का शोधन 110% पर करना है ।

(ख) निम्नलिखित ऋणपत्रों के शोधन पर रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए :

(i) रिटेल लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के ₹ 7,50,000, 14% ऋणपत्रों का शोधन जिन्हें सममूल्य पर निर्गमित किया गया था, इन्हें ₹ 10 प्रत्येक के समता अंशों में परिवर्तित करके किया । समता अंशों का निर्गमन 25% के प्रीमियम पर किया गया था ।

(ii) नमेक्स लिमिटेड ने तुरन्त रद्द करने हेतु स्वयं के ₹ 100 प्रत्येक के 5000, 12% ऋणपत्रों का क्रय ₹ 98 प्रति ऋणपत्र किया ।

ऋणपत्र शोधन संचय, ऋणपत्र शोधन निवेश तथा ब्याज की प्रविष्टियाँ नहीं करनी हैं ।

(a) Journalise the following transaction on issue of 12% debentures :

Pincel Ltd. issued ₹ 2,70,000, 12% debentures of ₹ 100 each at a discount of 5% redeemable at 110%.

(b) Journalise the following transactions on redemption of debentures :

(i) Ritel Ltd. redeemed ₹ 7,50,000, 14% debentures of ₹ 100 each which were issued at par by converting them into equity shares of ₹ 10 each issued at a premium of 25%.

(ii) Namex Ltd. purchased its own 5,000, 12% Debentures of ₹ 100 each at ₹ 98 per debenture for immediate cancellation.

Ignore entries for Debenture Redemption Reserve, Debenture Redemption Investments and Interest.

15. विविध सम्पत्तियों (रोकड़ को छोड़कर) तथा तृतीय पक्ष देयताओं का वसूली खाते में स्थानान्तरण करने के पश्चात् 31 मार्च, 2016 को अमन तथा रज़त की फर्म के विघटन पर निम्नलिखित लेनदेनों के लिए आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । वे 2:1 के अनुपात में लाभ–हानि बाँटते थे । **6**

(क) बट्टे पर भुनाया गया ₹ 10,000 का एक विनिमय पत्र था । विनिमय पत्र डेरेक से प्राप्त हुआ था जो दिवालिया हो गया ।

(ख) ₹ 30,000 के देय बिल जो 30 अप्रैल, 2016 को देय होने थे, का भुगतान ₹ 29,550 में किया गया ।

(ग) ₹ 30,000 के लेनदारों ने ₹ 10,000 का स्टॉक 10% के बट्टे पर ले लिया तथा उन्हें शेष का भुगतान नकद किया गया ।

(घ) एक टंकण मशीन थी, जिसे पूरी तरह से अपलिखित कर दिया गया था । इसका अनुमानित विक्रय मूल्य ₹ 600 था । इसको रज़त ने अनुमानित मूल्य से 25% कम पर ले लिया ।

(ङ) ₹ 1,000 के वेतन पर अमन ने विघटन कार्य पूर्ण करने की सहमति दी तथा वह सभी वसूली व्यय भी वहन करेगा । वास्तविक वसूली व्यय ₹ 800 का भुगतान फर्म ने किया ।

(च) विघटन पर ₹ 54,000 की हानि हुई ।

Give the necessary journal entries for the following transactions on dissolution of the firm of Aman and Rajat on 31st March, 2016, after the transfer of various assets (other than cash) and the third party liabilities to Realisation Account. They shared profits and losses in the ratio of 2 : 1.

(a) There was a bill of exchange of ₹ 10,000 under discount. The bill was received from Derek who became insolvent.

(b) Bills payable of ₹ 30,000 falling due on 30th April, 2016 were discharged at ₹ 29,550.

(c) Creditors of ₹ 30,000 took over stock of ₹ 10,000 at 10% discount and the balance was paid to them in cash.

(d) There was an old typewriter which had been written off completely. It was estimated to realize ₹ 600. It was taken away by Rajat at 25% less than the estimated price.

(e) Aman agreed to take over the responsibility of completing dissolution at an agreed remuneration of ₹ 1,000 and to bear all realization expenses. Actual realisation expenses ₹ 800 were paid by the firm.

(f) Loss on realization was ₹ 54,000.

16. नाईट्रो पेन्ट्स् लिमिटेड ने ₹ 10 प्रत्येक के 1,60,000 समता अंशों को ₹ 3 प्रति अंश के प्रीमियम पर निर्गमित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किये । राशि का भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर – ₹ 6 प्रति अंश (₹ 1 प्रीमियम सहित)

आबंटन पर – ₹ 3 प्रति अंश (₹ 1 प्रीमियम सहित)

प्रथम एवं अन्तिम याचना पर – शेष

1,80,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 10,000 अंशों के लिए आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का आबंटन समायोजन पर देय राशि में कर लिया गया । आदित्य को छोड़कर जिसे 3,200 अंशों का आबंटन किया गया था, सभी याचनाएँ मांग ली गई तथा प्राप्त हो गई । उसके अंशों का हरण कर लिया गया । हरण किये गये अंशों में से आधे अंशों को ₹ 43,000 में पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

उपरोक्त लेनदेनों के लिए नाईट्रो पेन्टस् लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए । **8**

अथवा

मिडी लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक के 27,000 अंशों को निर्गमित करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए । भुगतान निम्न प्रकार से करना था :

आवेदन पर – ₹ 50 प्रति अंश

आबंटन पर – ₹ 10 प्रति अंश

प्रथम तथा अन्तिम याचना पर – शेष

40,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । 7,000 अंशों के आवेदकों को पूर्ण आबंटन कर दिया गया । शेष आवेदकों को अनुपातिक आधार पर 20,000 अंशों का आबंटन कर दिया गया । आवेदन पर प्राप्त अतिरिक्त राशि का समायोजन आबंटन तथा याचना पर देय राशि में कर लिया गया ।

600 अंशों की एक धारक, आशा, जो उस श्रेणी से सम्बन्धित थी जिसे पूर्ण आबंटन किया गया, ने याचना राशि का भुगतान आबंटन के समय कर दिया । अंकुर जो उस श्रेणी से सम्बन्धित था जिसे अंशों का आबंटन अनुपातिक आधार पर किया गया था, ने अपने 200 अंशों पर आवेदन के पश्चात कोई भुगतान नहीं किया । अंकुर के अंशों का प्रथम तथा अन्तिम याचना के पश्चात हरण कर लिया गया । इन अंशों को बाद में ₹ 105 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुन: निर्गमित कर दिया गया ।

जहाँ आवश्यक हो, अदत्त याचना खाता तथा अग्रिम याचना खाता खोलकर उपरोक्त लेनदेनों के लिए मिडी लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए ।

Nitro Paints Ltd. invited application for issuing 1,60,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 3 per share. The amount was payable as follows :

On application – ₹ 6 per share (including premium ₹ 1)

On allotment – ₹ 3 per share (including premium ₹ 1) and

the balance – on first and final call.

Application for 1,80,000 shares were received. Applications for 10,000 shares were rejected and pro-rata allotment was made to the remaining applicants. Over payment received on application was adjusted towards sums due on allotment. All calls were made and were duly received except allotment and final call from Aditya who was allotted 3,200 shares. His shares were forfeited. Half of the forfeited shares were re-issued for ₹ 43,000 as fully paid up.

Pass necessary journal entries for the above transactions in the books of Nitro Paints Ltd.

**OR**

Midee Ltd. invited applications for issuing 27,000 shares of ₹ 100 each payable as follows :

₹ 50 – per share on application

₹ 10 – per share on allotment

Balance – on first and final call.

Applications were received for 40,000 shares. Full allotment was made to the applicants of 7,000 shares. The remaining applicants were allotted 20,000 shares on pro-rata basis. Excess money received on application was adjusted towards allotment and call.

Asha, holding 600 shares was belonged to the category of applicants to whom full allotment was made, paid the call money at the time of allotment. Ankur, who belonged to the category of applicants to whom shares were allotted on pro-rata basis did not pay anything after application on his 200 shares. Ankur's shares were forfeited after the first and final call. These shares were later reissued at ₹ 105 per share as fully paid up.

Pass necessary journal entries in the books of Midee Ltd. for the above transactions, by opening calls in arrears and calls in advance accounts wherever necessary.

17. 31 मार्च, 2016 को मधु तथा विधि जो लाभ 2:3 के अनुपात में बाँटते थे, का स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था : **8**

| देयताएँ | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| मधु की पूँजी | 5,20,000 | भूमि तथा भवन | | 3,00,000 |
| विधि की पूँजी | 3,00,000 | मशीनरी | | 2,80,000 |
| सामान्य संचय | 30,000 | स्टॉक | | 80,000 |
| देय बिल | 1,50,000 | देनदार | 3,00,000 | |
| | | घटा प्रावधान | 10,000 | 2,90,000 |
| | | बैंक | | 50,000 |
| | **10,00,000** | | | **10,00,000** |

1 अप्रैल, 2016 से मधु तथा विधि ने गायत्री को एक नये साझेदार के रूप में प्रवेश देने का निर्णय लिया तथा उनका नया लाभ अनुपात 2 : w3 : 5 होगा । गायत्री अपनी पूँजी के लिए ₹ 4,00,000 तथा ख्याति प्रीमियम के अपने भाग के लिए नकद राशि लाई ।

(क) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 3,00,000 किया गया ।

(ख) भूमि तथा भवन का मूल्यांकन ₹ 26,000 से कम किया गया ।

(ग) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को देनदारों के 5% के बराबर करना था ।

(घ) कामगार क्षतिपूर्ति का ₹ 6,000 का एक दावा था ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

**अथवा**

अतिव, मेहा तथा नूपुर साझेदार थे तथा 5 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ बांटते थे । 31-3-2016 को उनका स्थिति विवरण निम्न प्रकार से था :

| देयताएँ | राशि (₹) | सम्पत्तियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| व्यापारिक लेनदार | 26,500 | बैंक | 25,000 |
| कर्मचारी भविष्य निधि कोष | 23,500 | देनदार | 30,000 |
| अतिव की पूँजी | 1,00,000 | स्टॉक | 55,000 |
| मेहा की पूँजी | 50,000 | स्थायी सम्पत्तियाँ | 1,20,000 |
| नूपुर की पूँजी | 40,000 | विज्ञापन खर्च | 10,000 |
| | **2,40,000** | | **2,40,000** |

1-4-2016 को अतिव ने अवकाश ग्रहण कर लिया । इस उद्देश्य के लिए निम्न समायोजनों पर सहमति हुई :

(क) ख्याति का मूल्यांकन अवकाश ग्रहण की तिथि से पूर्व तीन वर्षों के औसत लाभ के दो वर्षों के क्रय पर किया जायेगा । पिछले वर्षों का लाभ था :

2013–2014 ₹ 55,000 ; 2014–2015 ₹ 65,000 ; 2015–2016 ₹ 60,000

(ख) स्थायी सम्पत्तियो को ₹ 25,000 से बढ़ाना था ।

(ग) स्टॉक का मूल्यांकन ₹ 5,000 अधिक किया गया ।

(घ) अतिव को ₹ 20,000 का भुगतान तुरन्त कर दिया गया तथा शेष को उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित कर दिया गया ।

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा पुनर्गठित फर्म का स्थिति विवरण तैयार कीजिए ।

The Balance Sheet of Madhu and Vidhi who are sharing profits in the ratio of 2 : 3 as at 31st March, 2016 is given below :

| **Liabilities** | **Amount (₹)** | **Assets** | | **Amount (₹)** |
|---|---|---|---|---|
| Madhu's Capital | 5,20,000 | Land & Building | | 3,00,000 |
| Vidhi's Capital | 3,00,000 | Machinery | | 2,80,000 |
| General Reserve | 30,000 | Stock | | 80,000 |
| Bills payable | 1,50,000 | Debtors | 3,00,000 | |
| | | Less : Provision | 10,000 | 2,90,000 |
| | | Bank | | 50,000 |
| | **10,00,000** | | | **10,00,000** |

Madhu and Vidhi decided to admit Gayatri as a new partner from 1st April, 2016 and their new profit sharing ratio will be 2 : 3 : 5. Gayatri brought ₹ 4,00,000 as her capital and her share of goodwill premium in cash.

(a) Goodwill of the firm was valued at ₹ 3,00,000.

(b) Land and Building was found undervalued by ₹ 26,000.

(c) Provision for doubtful debts was to be made equal to 5% of the debtors.

(d) There was a claim of ₹ 6,000 on account of workmen compensation.

Prepare Revaluation Account, Partners Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

**OR**

Ativ, Meha and Nupur were partners sharing profits and losses in the ratio of 5 : 3 : 2. On 31-3-2016, their Balance Sheet was as under :

| Liabilities | Amount (₹) | Assets | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| Trade creditors | 26,500 | Bank | 25,000 |
| Employees' Provident Fund | 23,500 | Debtors | 30,000 |
| Ativ's capital | 1,00,000 | Stock | 55,000 |
| Meha's capital | 50,000 | Fixed assets | 1,20,000 |
| Nupur's capital | 40,000 | Advertisement expenditure | 10,000 |
| | **2,40,000** | | **2,40,000** |

Ativ retired on 1-4-2016. For this purpose, the following adjustments were agreed upon :

(a) Goodwill of the firm was to be valued at 2 years' purchase of the average profits of 3 completed years preceding the date of retirement. The profits for previous years were :

2013-14 ₹ 55,000; 2014-15 ₹ 65,000; 2015-16 ₹ 60,000.

(b) Fixed assets were to be increased by ₹ 25,000.

(c) Stock was overvalued by ₹ 5,000.

(d) ₹ 20,000 were immediately paid to Ativ and the balance was transferred to his loan account.

Prepare Revaluation account, Partners Capital Accounts and the Balance Sheet of the reconstituted firm.

## खण्ड – ख
## PART – B
## विकल्प – I
## Option – I
## (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)
## (Analysis of Financial Statements)

18. एक विशेष अवधि में रोकड़ प्रवाह विवरण उद्यम की विभिन्न गतिविधियों से 'रोकड़' तथा 'रोकड़ तुल्य' अन्तर्वाह एवं बाह्यवाह दर्शाता है । रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार करने के उद्देश्य से 'रोकड़' का अर्थ दीजिए । **1**

Cash Flow Statement shows inflows and outflows of 'Cash' and 'Cash Equivalents' from various activities of an enterprise during a particular period. Give the meaning of 'cash' for the purpose of preparing Cash Flow Statement.

19. ऐसी एक गतिविधि का उदाहरण दीजिए जो प्रत्येक प्रकार के उद्यम के लिए एक वित्तीय गतिविधि है । **1**

Give an example of an activity, which is a financing activity for every type of enterprise.

20. 31 मार्च, 2015 तथा 2016 को समाप्त हुए वर्षों के लिए स्टार लिमिटेड के निम्न लाभ–हानि विवरण से एक सामान्य आकार का विवरण तैयार कीजिए : **4**

| विवरण | नोट सं. | 2015-16 (₹) | 2014-15 (₹) |
|---|---|---|---|
| प्रचालन आय | | 25,00,000 | 20,00,000 |
| कर्मचारी लाभ खर्च | | 10,00,000 | 7,00,000 |
| अन्य खर्चे | | 2,00,000 | 3,00,000 |
| कर दर 40% | | | |

From the following statement of Profit and Loss of Star Ltd., for the years ended 31st March, 2015 and 2016, prepare a common size statement.

| Particulars | Note No. | 2015-16 (₹) | 2014-15 (₹) |
|---|---|---|---|
| Revenue from operations | | 25,00,000 | 20,00,000 |
| Employee benefit expenses | | 10,00,000 | 7,00,000 |
| Other expenses | | 2,00,000 | 3,00,000 |
| Tax rate 40% | | | |

21. (क) कम्पनी अधिनियम, 2013 की सूची III के अनुसार निम्न मदों को मुख्य शीर्षकों एवं उप-शीर्षकों (यदि हैं) में वर्गीकृत कीजिए : **4**

(i) पूँजीगत कार्य प्रगति पर; तथा

(ii) समाश्वासित के लिए प्रावधान ।

(ख) 'वित्तीय विवरणों के विश्लेषण' के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

(a) Classify the following items under Major Head and Sub-Head (if any) in the Balance Sheet of a company as per Schedule III of the Companies Act, 2013.

(i) Capital Work in progress; and

(ii) Provision for warranties.

(b) State any two objectives of 'Analysis of Financial Statements'.

22. (क) ब्याज तथा कर पश्चात शुद्ध लाभ ₹ 1,00,000; चालू सम्पत्तियाँ ₹ 4,00,000; चालू देयताएँ ₹ 2,00,000; कर दर 20%; स्थायी सम्पत्तियाँ ₹ 6,00,000; 10% दीर्घ-अवधि ऋण ₹ 4,00,000 ।

निवेश पर प्रत्याय की गणना कीजिए । **4**

(ख) एक कम्पनी की लागत पर सकल लाभ की दर 25% है । इसका सकल लाभ ₹ 5,00,000; इसकी अंशधारक निधि ₹ 12,00,000; चालू देयताएँ ₹ 3,00,000 तथा चालू सम्पत्तियाँ ₹ 10,00,000 हैं ।

इसका कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात ज्ञात कीजिए ।

(a) Net profit after interest and tax ₹ 1,00,000; Current assets ₹ 4,00,000; Current liabilities ₹ 2,00,000; Tax rate 20%; Fixed assets ₹ 6,00,000; 10% Long term debt ₹ 4,00,000.

Calculate Return on Investment.

(b) Rate of Gross profit on cost of a company is 25%. Its Gross profit is ₹ 5,00,000. Its shareholders' Funds are ₹ 12,00,000; Current liabilities are ₹ 3,00,000 and Current Assets are ₹ 10,00,000.

Calculate its Working Capital Turnover ratio.

23. निम्न सूचना से निवेश गतिविधियों से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए : **6**

| विवरण | 31 मार्च, 2015 (₹) | 31 मार्च, 2014 (₹) |
|---|---|---|
| भूमि में निवेश | 13,00,000 | 3,00,000 |
| 10% दीर्घ-अवधि निवेश | 1,50,000 | 2,00,000 |
| संयन्त्र तथा मशीनरी | 1,40,000 | 1,20,000 |
| ख्याति | 4,00,000 | 2,15,000 |

**अतिरिक्त सूचना :**

₹ 35,000 लागत की एक मशीन (जिस पर ₹ 15,000 मूल्यह्रास लगाया गया था) को ₹ 35,000 में बेचा गया । वर्ष के दौरान ₹ 45,000 का मूल्यह्रास लगाया गया ।

Calculate Cash Flows from Investing Activities from the following information :

| Particulars | 31st March, 2015 (₹) | 31st March, 2014 (₹) |
|---|---|---|
| Investments in Land | 13,00,000 | 3,00,000 |
| 10% Long term Investments | 1,50,000 | 2,00,000 |
| Plant and Machinery | 1,40,000 | 1,20,000 |
| Goodwill | 4,00,000 | 2,15,000 |

**Additional Information :**

A machine costing ₹ 35,000 (depreciation provided thereon ₹ 15,000) was sold for ₹ 35,000. Depreciation charged during the year was ₹ 45,000.

**खण्ड – ख**

**PART – B**

**विकल्प – II**

**Option – II**

**(अभिकलित्र लेखांकन)**

**(Computerized Accounting)**

18. 'डाटा बेस' का क्या अर्थ है ? **1**

What is meant by 'Database' ?

19. परिवर्तनशील तरीके से आँकड़ों का संगठन करने, संसाधन करने तथा पूछताछ करने के लिए उपयोग किये जाने वाले किन्हीं दो सॉफ्टवेयर के नाम दीजिए । **1**

Name any two software tools for organizing, processing and querying data in flexible manner.

20. ऐसे सॉफ्टवेयर के प्रकार का नाम बताते हुए उसे समझाइए जो बहु–उपयोगकर्ता तथा भिन्न–भिन्न स्थानों पर बिखरे हुए बड़े व्यावसायिक संगठनों की आवश्यकताओं को पूरा करता है । **4**

Name and explain the type of software which meets the requirements of large business organizations with multi-users and scattered locations.

21. कंप्यूटरीकृत लेखांकन सॉफ्टवेयर के किन्हीं चार लाभों को समझाइए । **4**

Explain any four advantages of computerized accounting software.

22. 'फार्म' का क्या अर्थ है ? 'विखंडित फार्म', 'साधारण फार्म' से किस प्रकार भिन्न है ? **4**

What is meant by a "Form" ? How 'Split Form' is different from 'Simple Form' ?

23. बड़ी राशि के आँकड़ों का शीघ्रता से पारस्परिक क्रिया तरीके से सारांश बनाने वाली सारणी का नाम दीजिए । इसके किन्हीं पाँच लाभों का उल्लेख भी कीजिए । **6**

Name the table which is an interactive way to quickly summarize large amounts of data. Also state its any five advantages.

___________